समाचार
निगम की अभिनव पहल
प्रत्येक सोमवार जोन कार्यालयो में जोन कमिश्नर सुन रहे जनसमस्याएं
(समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु हो रही कार्यवाही, आमजन की दूर हो रही परेशानियां)

कोरबा 12 अप्रैल 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जनसेवा की दिशा में एक अभिनव शुरूआत की गई है। प्रत्येक सोमवार को संबंधित जोन के कमिश्नर जोन कार्यालयों में आमजन की समस्याओं को सुन रहे हैं एवं सामने लायी गई समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही कर रहे है।

जनसुविधा के दृष्टिकोण से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत 06 जोन कार्यालय स्थापित किये गये हैं, इन जोन कार्यालयों के माध्यम से निगम के विकास व निर्माण कार्यो के संपादन के साथ–साथ आमजनता से जुड़ी निगम की विभिन्न सेवाओं व सुविधाओं का संचालन भी किया जा रहा है। वर्तमान में निगम द्वारा अपने जोन कार्यालयों को और अधिक सशक्त व सुविधायुक्त बनाया गया है तथा इन्हें क्रमशः जनसेवा केन्द्र का स्वरूप दिया जा रहा है। अधिकारों का विकेन्द्रीकरण कर जोन में पदस्थ अधिकारियों को और अधिक अधिकार दिये गये हैं ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके, निगम के कार्यो में तेजी लायी जा सके एवं सेवाओं व सुविधाओं को बेहतर स्वरूप दिया जा सके। इसी कड़ी में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल व आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की विशेष पहल पर इन सभी जोन कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार जनसमस्याओं के निराकरण की विशेष कार्यवाही किए जाने की नई व्यवस्था शुरू की गई है। निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, बालको, दर्री एवं बांकीमोंगरा जोन स्थित जोन कार्यालयों में अब प्रत्येक सोमवार को वहां के जोन कमिश्नर अपने पूरे स्टाफ के साथ जनसमस्याओं को सुनने हेतु प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहते हैं, समस्याओं को सुनते हैं, लोगों के आवेदन प्राप्त करते हैं तथा उनका त्वरित व समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित कराते हैं।

<u>नई पहल को अच्छा प्रतिसाद</u>–निगम द्वारा प्रारंभ की गई इस नई पहल को जनता का अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। सडक, नाली, पानी, बिजली, सड़क रोशनी, साफ–सफाई आदि कार्यो के साथ–साथ शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं, राशन कार्ड, सम्पत्तिकर ,जलकर आदि की अदायगी तथा निगम के अन्य कार्यो से संबंधित समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय पहुंच रहे लोगों की समस्याओं का समयसीमाा में निराकरण किया जा रहा है, इससे आमजन को काफी राहत प्राप्त हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा विभिन्न सेवाओं को आन लाईन किया गया है, अब

करदाता घर बैठे करों का भुगतान निगम को आन लाईन कर सकता है, साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं व निगम कार्यो से संबंधित आवेदनों के प्रारूप भी आन लाईन किये गये हैं। निगम कार्यो से संबंधित अन्य जानकारियों को भी आन लाईन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था से आमजन को काफी सुविधा मिल रही है तथा उनके समय व संसाधन दोनों की बचत हो रही है।